# त्रैमासिक परीक्षा 2024

## कक्षा-11

## विषय- भूगोल

समय 3 घंटा | पूर्णांक 70

निर्देश– (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 4 तक के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आवंटित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 5 से 13 तक प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 30 शब्दों में लिखिए।

(4) प्रश्न क्रमांक 14 से 17 के लिए प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 75 शब्दों में लिखिए।

(5) प्रश्न क्रमांक 18 के लिए 4 अंक आवंटित है।

(6) प्रश्न क्रमांक 19 व 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आवंटित है। प्रत्येक उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।

(7) आवश्यकतानुसार स्वच्छ एवं नामांकित चित्र बनाइये।

(8) प्रश्न क्रमांक 5 से 19 तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए है।

---

**प्र01. सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 6

(1) निम्नलिखित में से किस लक्षण को भौतिक लक्षण कहा जा सकता है–

(1) भवन (2) सड़क (3) मैदान (4) बगीचा

(2) निम्नलिखित में से कौन सा एकमात्र तत्व वाला खनिज नहीं है–

(1) स्वर्ण (2) चाँदी (3) माइका (4) ग्रेफाइट

(3) निम्न में से किस देश की भारत के साथ सबसे लम्बी स्थलीय सीमा है–

(1) बाग्लादेश (2) चीन (3) पाकिस्तान (4) म्यामांर

(4) निम्नलिखित में से कौन सा स्थल मण्डल को वर्णित करता है–

(1) ऊपरी व निचले मैंटल (2) भूपटल पर ऊपरी मैंटल

(3) भूपटल व क्रोड (4) मैंटल व क्रोड

(5) धरातल पर सर्वप्रथम कौन–सी भूकम्पीय तरंगे पहुँचती है–

(1) पी तरंगे (2) एस तरंगे

(3) एल तरंगे (4) पी तथा एल तरंगे

(6) निम्नलिखित में से कौन सा विषय कालिक संश्लेषण करता है-

(1) समाजशास्त्र (2) इतिहास (3) मानव शास्त्र (4) भूगोल

**प्र02. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–** 6

(1) ब्रहाण्ड की उत्पत्ति सम्बंधी बिग–बैंग सिद्धांत का प्रमाण.........ने दिया।

(2) आकाशगंगा के बीच की दूरियों को...............द्वारा मापा जाता है।

(3) सुनामी अपने आप में भूकम्प नहीं है ये वास्तव में.................हैं।

(4) पृथ्वी की सम्पूर्ण भूपर्पटी का लगभग 98 प्रतिशत भाग.........तत्वों से बना है।

(5) भारत का सीमांतर्गत क्षेत्र आगे समुद्र की ओर..............किलोमीटर तक फैला हुआ है।

(6) अपवाह द्रोणियों को अलग करने वाली सीमा को.............. कहते है।

प्र03. सही जोड़ी बताइये- 6

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | दक्कन ट्रैप | – | (1) विध्वंस गर्त |
| (2) | पुनर्क्रिस्टलीकरण | – | (2) बेसाल्ट लावा प्रवाह |
| (3) | काल्डेरा | – | (3) कायांतरिक शैल |
| (4) | करेवा | – | (4) झेलम नदी |
| (5) | डल झील | – | (5) चिकनी मिट्टी का मैदान |
| (6) | बुग्याल | – | (6) ऊँचाई पर स्थित घास मैदान |

प्र04. सही या गलत बताइये- 5

(1) भूगोल एक संश्लेषणात्मक विषय है जो क्षेत्रीय संश्लेषण का प्रयास करता है।

(2) सूर्य से पृथ्वी की दूरी एक प्रकाश वर्ष है।

(3) भारतीय मानक समय ग्रीनविच माध्य से 5 घण्टे 20 मिनट पीछे है।

(4) विश्व की सबसे बड़ी द्रोणी सिन्धु नदी द्रोणी है।

(5) टेल्क और जिप्सम को हाथ के नाखूनों से खुरचा जा सकता है।

प्र05. एक वाक्य में उत्तर दीजिए- 5

(1) भूगोलवेत्ता का एक प्रभावशाली उपकरण बताइए जिससे क्षेत्रीय प्रतिरूपों को प्रकाश में लाने के लिए सारणीबद्ध आंकड़े दृश्य रूप में परिवर्तित किया जाता है।

(2) पृथ्वी पर आदिमानव Homosapines का विकास काल क्या है ?

(3) कायांतरिक शैल में खनिज अथवा कणों का सतह या रेखाओं के रूप में बनना क्या कहलाता है ?

(4) भूकम्प अधिकेन्द्र से कितने अक्षांश तक का क्षेत्र भूकम्प छाया क्षेत्र के अंतर्गत आता है ?

(5) भारत के दो द्वीपीय पड़ोसी देशों के नाम बताइए।

प्र06. भूगोल क्या है ? संक्षेप में लिखिए। 2

अथवा

एक वैज्ञानिक विषय के रूप में भूगोल किन वर्गीकृत प्रश्नों से संबंधित है।

प्र07. हमारे सौर मण्डल के कौन से ग्रह पार्थिव ग्रह हैं ? 2

अथवा

हमारे सौर मण्डल के कौन से ग्रह जोवियन ग्रह हैं ?

प्र08. भारत का अक्षांशीय एवं देशान्तरीय विस्तार लिखिए। 2

अथवा

भारतीय उपमहाद्वीप में सम्मिलित देशों के नाम लिखिए।

प्र09 नमामी देवी नर्मदे एक यात्रा का क्या उद्देश्य है ? 2

अथवा

भारत में नर्मदा नदी के अतिरिक्त भ्रंश घाटी में बहने वाली दो नदियाँ बताइये।

प्र010. ज्वालामुखीय अंतर्वेधी आकृतियाँ क्या होती है ? उनके नाम लिखिए। 2

अथवा

भूगर्भ की जानकारी के लिए कोई तीन प्रत्यक्ष साधनों के नाम लिखिए।

प्र011. धात्विक खनिजों के प्रकार एवं उनके दो - दो उदाहरण लिखिए। 2

अथवा

भूपर्पटी का निर्माण करने वाले प्रमुख आठ तत्वों के नाम लिखिए।

प्र012. भारत के विशाल देशांतरीय विस्तार का भारत पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 2

अथवा https://www.mpboardonline.com

भारत के विशाल अक्षांशीय विस्तार का भारत पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

प्र013. ब्रम्हाण्ड की उत्पत्ति के 'बिग बैंग' सिद्धान्त का संक्षिप्त वर्णन कीजिए। 2

अथवा

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।

प्र014. भारत की लम्बी समुद्र तट रेखा का क्या महत्व है ? लिखिए। 3

अथवा

क्या आप जानते हैं कि भारत में एक से अधिक मानक समय रेखा होना चाहिए ? अपने तर्क दीजिए।

प्र015. वृक्षाकार अपवाह प्रतिरूप कहां बनता है। 3

अथवा

अभिकेन्द्री अपवाह प्रतिरूप कहां बनता है।

प्र016. जल विसर्जन के आधार पर भारतीय अपवाह तंत्र को वर्गीकृत कीजिए। 3

अथवा

जल संभर क्षेत्र के आकार के आधार पर भारतीय अपवाह द्रोणियों को कितने भागों में बाँटा गया है ? संक्षिप्त में वर्णन कीजिए।

प्र017. उत्तर के विशाल मैदान का वर्णन कीजिए। 2

अथवा

भारतीय मरुस्थल का वर्णन कीजिए।

प्र018. शैल से आप क्या समझते है ? निर्माण पद्धति के आधार पर शैल समूह का वर्णन कीजिए। 4

अथवा

खनिजों के भौतिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

प्र019. पृथ्वी की आंतरिक संरचना का सचित्र वर्णन कीजिए। 5

अथवा

शैल चक्र का सचित्र वर्णन कीजिए।

प्र020. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को प्रदर्शित कीजिए- 5

(1) कर्क रेखा
(2) सतपुड़ा पर्वत श्रेणी
(3) सुन्दरवन डेल्टा
(4) गोदावरी नदी

अथवा

(1) लद्दाख श्रेणी
(2) नर्मदा नदी
(3) चिल्का झील
(4) नीलगिरी पहाड़ियाँ